# होली और शब ए बारात पर्व को लेकर कन्ट्रोल रूम में सीएसपी ले ली शांति समिति की बैठक

- शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील
- थानाक्षेत्र में प्रभारीगण भी ले रहे शांति समिति की बैठक

**रायगढ़।** दिनांक 17.03.2022 को होलिका दहन उसके अगले दिन होली और शब ए बारात पर्व को लेकर आज दिनांक 13.03.2022 को पुलिस कन्ट्रोल रूम रायगढ़ में नगर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा शांति समिति की बैठक लिया गया। जिसमें शहर के थाना, चौकी प्रभारीगण, वार्ड पार्षद, मुस्लिम समुदाय के विशिष्ट सदस्यों एवं मीडिया और शहर के गणमान्य नागरिकों उपस्थित हुये। सीएसपी योगेश कुमार पटेल द्वारा उपस्थित लोगों को शांति और सद्भाव के साथ दोनों त्योहार मनाने कहा गया। सीएसपी योगेश पटेल बताए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गश्त और शहर में पेट्रोलिंग बढाया गया है जो असामाजिक तत्वों पर नजर रखकर कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर कार्रवाई की जावेगी, सोशल मीडिया पर भी पुलिस निगाह रखे हुये है लोगों से अपील है कि धार्मिक एवं आपत्तिजनक मैजेस भेजने से बचें। बैठक में सीएसपी पटेल ने वार्ड प्रमुखों से उनके क्षेत्र में बनाये गये होली की सूची अपने थाना, चौकी को उपलब्ध कराने एवं समय पर होलिका दहन करने कहा। वे बताए कि यातायात पुलिस के साथ शहर में पुलिस टीमें प्रतिदिन दुपहिया वाहनों की जांच की जावेगी, नशे में वाहन चलाने वाले और मॉडिफाई सैलेंसर वाले वाहनों पर कार्रवाई की जावेगी।




वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना, चौकी प्रभारीगण अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठके ली जा रही है। थाना परिसर पूंजीपथरा में आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह द्वारा होली के त्योहार को शांतिप्रिय तरीके से मनाने एवं त्योहार पर सादगी व अमन चैन बहाल रखें कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा तेज साऊंड वाले डीजे पर कार्रवाई की जावेगी और विवादित स्थल पर अगजा नहीं जलाने कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा कि किसी भी तरह के नशीले व मादक पदार्थों पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगा। शराब बेचे जाने पर कार्रवाई की जाएगी बताये।

थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा होलिकोत्सव की तैयारी को देखते हुए अंचल में शांति के साथ उत्सव संपन्न कराने के उद्देश्य से आज थाना पुसौर परिसर में शांति समिति का बैठक आहूत किया गया। तहसीलदार एन के सिन्हा, थाना प्रभारी गिरधारी साव, नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश थवाईत, वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे की उपस्थिति में होली संबंधी चर्चा हुआ। तहसीलदार एन के सिन्हा ने आगंतुक गणमान्य नागरिकों से शांतिपूर्ण, निर्विवाद होली संपन्न हो इस हेतु गाइडलाइन पर चर्चा किया गया। थाना प्रभारी गिरधारी साव ने होली के दिवस पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था को बताते हुए अपने मातहत कर्मचारियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में होलिका दहन स्थल पर जवाबदार व्यक्तियों के नाम चिन्हाकित करने हेतु निर्देशित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश थवाईत ने नगर पुसौर में मुनादी कराते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने हेतु संदेश देने को कहा। वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने पुलिस प्रशासन को अलर्ट कर नशा पान व तीन सवारी मोटरसाइकिल तथा कानफोडू बाजा पर प्रतिबंध लगाने का विचार रखा। सभी गणमान्य नागरिकों के द्वारा आपसी भाईचारा तथा सांप्रदायिकता से दूर सौहार्दपूर्ण होली का उत्सव मनाने हेतु अपने अपने विचार रखे। आज के बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर किशोर, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, विधायक प्रतिनिधि डोलेश्वर गुप्ता, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष घनश्याम पटेल, पार्षद संजीव साव, एल्डरमैन नीलकंठ यादव ,पूर्व पार्षद लक्ष्मण साव व बैकुंठ गुप्ता, पप्पू यादव प्रवीण महाना, वरिष्ठ पत्रकार शिव राजपूत, उप निरीक्षक कमल सिंह राजपूत, उप निरीक्षक जगत सहित थाना परिवार उपस्थित रहा।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### सरस्वती सायकल योजना के तहत मिडमिडा हाईस्कूल की छात्राओं को मिला सायकल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकल योजना के तहत आज शास.हाई स्कूल मिडमिडा में समस्त छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था प्रमुख स्कूल के प्राचार्य अजीता लकड़ा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय पंडा, पूर्णचन्द्र उरांव, व्याख्याता नरेंद्र चौहान, बाबूलाल पटेल सहित स्कूल के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### जोबी पुलिस की जुआ रेड : ग्राम काफरमार पर 7 जुआरी गिरफ्तार, 10,600 रुपए जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 12.03.2022 के शाम चौकी प्रभारी जोबी उप निरीक्षक थानूराम नायक एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम काफरमार में जुआ रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर जुआ फड पर आरोपी (1) प्रेमलाल डनसेना पिता रामदिन डनसेना उम्र 35 वर्ष सा. बर्रा चौकी जोबी थाना खरसिया (2) पवन श्रीवास पिता मनहरण श्रीवास उम्र 30 वर्ष सा. रामपुर थाना करतला जिला कोरबा (3) सुमेन सिंग राठिया पिता स्व. जितराम राठिया उम्र 37 वर्ष सा. काफरमार चौकी जोबी थाना खरसिया (4) अत्ती लाल चौहान पिता राजाराम चौहान उम्र 41 वर्ष सा. रामपुर थाना करतला जिला कोरबा (5) अशोक कुमार गबेल पिता मनोहर लाल गबेल उम्र 51 वर्ष सा. जोबी चौकी जोबी थाना खरसिया (6) दिनेश गबेल पिता स्व. भोजराम गबेल उम्र 46 वर्ष सा. खम्हार चौकी जोबी थाना खरसिया (7) कलाराम गबेल पिता स्व. घनश्याम लाल उम्र 52 वर्ष सा जोबी चौकी जोबी थाना खरसिया को पकड़ा गया। आरोपियों के फड एवं पास से जुमला नगद रकम ₹10,600 एवं तास के 52 पत्ते एक खाद बोरी जप्त कर आरोपियों पर 13 जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### पुसौर में लर्निंग लायसेंस जारी करने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन आज

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए रायगढ़ जिले के सभी ब्लाकों में लर्निंग लायसेंस का शिविर लगाया जाना है। इसी क्रम में 14 मार्च 2022 दिन-सोमवार को जनपद पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ में लर्निंग लायसेंस जारी किये जाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके कारण 14 मार्च 2022 दिन सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय, रायगढ़ में लर्निंग लायसेंस का कार्य स्थगित होगा। आवेदक किसी भी लोक सेवा केन्द्र/ च्वाईस सेंटर से आवेदन कर सकते हैं या परिवहन विभाग की वेबसाईट parivahan.gov.in से स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निर्धारित तिथि 14 मार्च 2022 को बुक किये गये स्लॉट (अपॉइंटमेंट) लेकर आवेदन सहित जनपद पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ में उपस्थित होवे एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे निवास प्रमाण पत्र, जन्मतिथि का प्रमाण, उम्र 40 वर्ष से अधिक होने पर मेडिकल सर्टिफिकेट (परिवहन विभाग से पंजीकृत), दो पासपोर्ट कलर फोटो के साथ उपस्थित होवे सकते है। जिला परिवहन अधिकारी ने आम जनता से अपील कि है की लर्निंग लायसेंस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेवें।

# चांदमारी मोहल्ले में खुली तलवार लेकर घूम रहा शख्स गिरफ्तार

- होली के पहले क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटरों को चेक कर रही कोतवाल पुलिस

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर होली में हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जावेगी। होली में अभी कुछ दिन बाकी है ऐसे में नगर निरीक्षक मनीष नागर शहर के गुंडा और बदमाशों को चेक कर राउंडअप किया जा रहा है। किसी भी प्रकार कर गुंडागर्दी आदि की शिकायत पर संबधित के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर सीधे जेल भेजने की तैयारी है। नगर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस एक्टिव मोड में है, कल गैस रिफलिंग पार्ट्स और रेगुलेटर की अवैध बिक्री करते आरोपी तथा गांजा की तस्करी कर रही महिला को पकड़ा गया था। आज चांदमारी मोहल्ले में कोतवाली पुलिस द्वारा एक युवक को तलवार लहराते हुए पकड़ा गया है। आरोपी पर 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।



जानकारी के मुताबिक आज दिनांक 13.03.2022 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को थानाक्षेत्र अंतर्गत चांदमारी मोहल्ला में गोविंद राम जांगड़े नाम का व्यक्ति अपने हाथ में तलवार लेकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिलाा, सूचना पर थाना प्रभारी के साथ थाने के प्रधान आरक्षक सुमन चौहान एवं हमराम स्टाफ मौके पर जाकर एक व्यक्ति को लोहे के तलवार के साथ पकड़े, पूछताछ पर आरोपित व्यक्ति अपना नाम गोविंद राम जांगड़े पिता तुलाराम जांगड़े उम्र 33 वर्ष निवासी सोनमुड़ा थाना नगरदा जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम पूरी बगीचा इंदिरा नगर कोतवाली रायगढ़ का रहने वाला बताया आरोपी के कृत्य पर आरोपी पर 25 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

# 254 नग गैस रिफलिंग वाल्व रॉड व 25 नग गैस रेगुलेटर की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

- गैस रिफलिंग रॉड और गैस रेगुलेटर की अवैध बिक्री की सूचना पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** दिनांक 12.03.2022 के शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर एवं स्टाफ द्वारा पुरानी हटरी पर चक्रधरनगर सिंधी कालोनी में रहने वाले व्यक्ति को अवैध रूप से गैस रेगुलेटर एवं गैस रिफलिंग वाल्व की बिक्री करते पकड़ा गया है। बीते रोज कारगिल चौक, बुजीभवन के पास एक इलेक्ट्रानिक दुकान में हुय आगजनी की घटना के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा थाना प्रभारियों को घनी आबादी वाले क्षेत्र में अवैध रूप से विस्फोटक(पटाका), अवैध गैस रिफलिंग पर निगाह रखकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था जिस पर टीआई कोतवाली द्वारा अपने स्टाफ एवं मुखबिरों को ऐसी गतिविधियों पर निगाह रखकर सूचना देने निर्देशित किये थे।

इसी क्रम में दिनांक 12.03.2022 के शाम मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को सूचना दिया कि एक व्यक्ति पुराना हटरी रायगढ में एक सफेद प्लास्टिक झोला व कार्टुन में गैस रिफलींग करने का वाल्व एवं गैस में लगने वाला रेगुलेटर को बिक्री करने के लिये घूम रहा है। सूचना पर तत्काल सहायक उप निरीक्षक अवधेश सिंह एवं हमराह स्टॉफ के साथ पुराना हटरी पर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड कर पूछताछ किया जो पूछताछ पर अपना नाम विनोद अम्बवानी पिता मंगत राम अम्बवानी 42 वर्ष सा. सिंधी कालोनी कच्ची खोली थाना चक्रधरनगर रायगढ़ का रहना बताया। जिसके पास गैस रिफफिंग वाल्व



राड वाला 149 नग, गैस रिफलींग वाल्व बिना राड वाला 105 नग कुल 254 नग कीमती 7,620 रूपये व गैस रेगुलेटर 25 नग कीमती 4250 रूपये कार्टुन में रखा मिला। आरोपी से कुल जुमला कीमती 11,870 रूपये का गैस रिफलिंग रॉड एवं रेगुलेटर की जप्ती की गई है। आरोपी के पास उक्त सामनों की बिक्री करने का कोई दस्तावेज नहीं पाया गया, आरोपी पर थाना कोतवाली में आवश्यक वस्तु अधिनियम (EC Act) एवं द्रवरूप पैट्रोलियम गैस आपुर्ति और नियंत्रण आदेश 2000 का 7(1)a, b, c के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# निर्माणाधीन रेलवे लाइन से तांबा तार चोरी करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से दो मोटर सायकल समेत सवा लाख की सम्पत्ति बरामद, भेजे गये रिमांड पर

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा घरघोड़ा से धरमजयगढ़ के मध्य कैटनरी तांबातार एवं कांटेक्टर तांबा तार चोरी करने में सक्रिय गिरोह के 07 आरोपियों को चोरी के माल समेत पकड़ने में सफलता मिली है। दरअसल दिनांक 12.03.2022 को प्रार्थी हेमंत कुमार रावत पिता अनिरूद्ध रावत उम्र 56 वर्ष साकिन जोल्हा, थाना पानीकोयली, जिला जाजपुर उडिसा हामु घरघोडा द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि टेण्डा नवापारा के मध्य एवं घरघोडा से कारीछापर रेल्वे स्टेशन के मध्य एवं घरघोडा से धरमजयगढ के मध्य कैटनरी तांबातार एवं कांटेक्टर तांबा तार कीमती क्रमशः ₹1,50,000 एवं ₹50,000 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी/रिपोर्टकर्ता के लिखित रिपोर्ट पर थाना घरघोडा में क्रमशः अपराध क्रमांक 71/22 एवं 72/22



धारा 379 भादंवि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिनों से नव निर्माणाधीन रेलवे लाइन में तांबा तार की चोरी की वारदात को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की पतासाजी के लिये शीघ्र प्रभावी कार्रवाई कराने निर्देशित किया गया था। एसएपी एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ के मार्गदर्श पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा तत्काल टीम तैयार कर माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया। पता तलाश दौरान मुखबीर के सूचना पर संदेही घुरसाय उर्फ विक्रम राठिया को घटना दिनांक को घटनास्थल में घुमते देखना मुखबिर द्वारा बताया गया है। मुखबीर सूचना पर संदेही घुरसाय राठिया एवं उसके साथी युवराज राठिया, मकरद्धज मैत्री, कृष्ण कुमार शर्मा, राजू राठिया, दिनेश राठिया, गोविंद राठिया को तलब कर पुलिस हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर अपराध का घटित करना कबुल किये। आरोपीयों से 02 नग मोटर सायकल एवं कैटलीह तांबातार एवं कांटेक्टर तांबातार कुल अपहृत संपत्ति ₹1,55,000 एवं ₹59,900 जुमला ₹2,14,900 को जप्त कर अपराध में बजाप्ता शुमार की गई। आरोपीयान (1) घुरसाय उर्फ विक्रम राठिया पिता महेत्तर राठिया उम्र 28 साल साकिन टेरम सराईडीपा (2) युवराज राठिया पिता बुंदराम उम्र 18 साल साकिन ढोरम (3) मकरद्धज मैत्री पिता हरिसिंह उम्र 28 साल साकिन छतौना थाना सारंगढ (4) कृष्णा कुमार शर्मा पिता राजाराम शर्मा उम्र 24 साल साकिन खरोजिया बिरटीटोला, थाना सिघौरिया जिला गोपालगंज बिहार हामु मुन्ना कालोनी पुंजीपथरा (5) राजू राठिया पिता महादेव राठिया उम्र 19 साल साकिन सराईडिपा टेरम (6) गोविंद राठिया पिता भिखम राठिया उम्र 18 साल साकिन नवापारा टेरम (7) दिनेश राठिया पिता कार्तिकराम राठिया उम्र 20 साल टेण्डा नवापारा, थाना घरघोडा को महज 24 घंटे के भीतर दिनांक 13.03.2022 को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अमित सिंह, सउनि चंदन सिंह नेताम, आरक्षक नरेन्द्र पैंकरा, नंदू पैंकरा, बिरबल भगत का मुख्य भूमिका रही है।

# जूटमिल के सोनकरपारा में स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते पकड़े गए 3 जुआरी

- जुआरियों से 4,060 रुपए नगद जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 12 32022 के रात्रि करीब 11:00 बजे चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक उत्तम साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि सोनकरपारा स्कूल के पास स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ जुआरियान 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी के हमराह प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी एवं स्टाफ के साथ जुआ रेड कार्यवाही किया गया। जुआ फड पर आरोपी (1) चंद्रेश चौहान पिता सौखी लाल चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी राजीव गांधी नगर चौकी जूटमिल (2) दद्दा गोरख पिता प्रेमशंकर गोरख उम्र 35 साल सुनकरपारा चौकी जूटमिल (3) विक्रम सिंह पिता नवल किशोर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी सावित्री नगर चौकी जूटमिल रायगढ़ के पास एवं नकदी रकम ₹4,060 एवं 52 पत्ती ताश की गड्डी, एक प्लास्टिक बोरा की जब्ती की गई है। आरोपियों पर #जूटमिल पुलिस द्वारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही के साथ पृथक से 151 सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर आज सुबह रिमांड पर भेजा गया है।



# सर्किट हाऊस तिराहा के पास पुलिस के हाथ आई महिला गांजा तस्कर, 2 किलो गांजा जब्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर #कोतवाली पुलिस नगर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में मादक पदार्थों के बिक्री, परिवहन एवं जुआ सट्टा पर कार्रवाई किया जा रहा है।



इसी क्रम में दिनांक 12.03.2022 को कोतवाली पुलिस द्वारा सर्किट हाऊस तिराहा के पास अवैध गांजा के साथ पकड़ी गई महिला को अदालत पेश कर जेल भेज दिया गया है। दरअसल शिकायत जांच में ढिमरापुर, इंदिरानगर, बड़े रामपुर की ओर रवाना हुये कोतवाली थाने के उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया को मुखबिर से सूचना मिला कि बडे रामपुर की रहने वाली कनिज फातमा नामक महिला बोइरदादर तरफ से झोला में गांजा लेकर पैदल आ रही है। मुखबिर सूचना से उप निरीक्षक डहरिया द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर द्वारा तत्काल कार्रवाई के लिये थाने से महिला स्टाफ एवं पेट्रोलिंग को रवाना कर मौके के लिए रवाना हुए। पुलिस टीम द्वारा सर्किट हाऊस तिराहा के पास नाकेबंदी कर महिला आरोपिया को हाथ में रखे प्लास्टिक के झोला पर गांजा लाते हुये पकड़े, जिसे कार्रवाई की जानकारी देकर महिला स्टाफ द्वारा उसकी एवं उसके झोला की तलाशी ली गई जिसमें दो अलग अलग पैकेट में प्लास्टिक पन्नी की थैली के अंदर मादक पदार्थ गांजा भरा मिला जिसका वजन 2 Kg गांजा कीमती 20,000 रूपये पाया गया। आरोपिया इसे आसपास अवैध रूप से बेचना बताई। आरोपिया कनिज फातमा पति लाडला खान उम्र 39 वर्ष निवासी बडे रामपुर थाना कोतवाली रायगढ़ के विरूद्ध थाना कोतवाली में 20(B) NDPS Act के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया, जहां से जेल वारंट पर आरोपिया को जेल दाखिल किया गया है।

# जागरूकता कार्यक्रम... महिलाओं एवं बच्चों को किया गया कानून के प्रति जागरूक

- बच्चों की दिनचर्या पर रखें नजर, मोबाइल के उपयोग में बरतें सावधानी : जूटमिल टीआई
- रक्षा टीम ने महिलाओं के मोबाइल पर इंस्टाल कराया अभिव्यक्ति ऐप
- जागरूकता कार्यक्रम में हुई बच्चों एवं महिलाओं की जलेबी और नींबू दौड़

**रायगढ़।** जिले में अभिव्यक्ति जागरूकता अभियान के तहत प्रतिदिन महिला रक्षा टीम द्वारा महिलाओं एवं नाबालिगों को अपराधों के प्रति जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज दिनांक 13.03.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल अन्तर्गत जूटमिल के सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रक्षा टीम के साथ जूटमिल स्टाफ, वार्ड पार्षद तथा वार्ड की महिलाएं एवं बच्चें काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा महिलाओं से कहा गया कि मोबाइल की पहुंच हर घर में है, बच्चें मोबाइल पर पढाई के साथ गेम्स खेलने, गाने और वीडियो देखने और दोस्तों से सोशल मीडिया पर चैटिंग करने में कर रहे हैं। घर के बड़ों को बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान देनें की आवश्यकता है कि आखिर उनकी दिनचर्या क्या है और उनका किन-किन लोगों के साथ बैठना-उठना है, मोबाइल पर किसी अंजान व्यक्ति से दोस्ती हो तो ऐसे फ्रेंड्स को अनफ्रेंड करावें। बच्चों को सही और गलत की जानकारी देंवे, ताकि वह कुसंगति से दूर रहें। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को साइबर क्राइम और पॉक्सों एक्ट के संबंध में जानकारी दिया गया एवं उनसे बचाव के उपाय बताए।



रक्षा टीम प्रभारी अंजना केरकेट्टा द्वारा महिलाओं को अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा महिलाओं के मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करने में सहायता किये। टीआई केरकेट्टा द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को घरेलू एवं यौन अपराधों को दबाने के बजाये शिकायत करने कहा गया जिससे आरोपियों को सजा मिल और लोग ऐसा न करें। महिलाओं को हेल्प लाइन नम्बर एवं पुलिस अधिकारियों के नम्बर बताये गये। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं के बीच जलेबी और नींबू दौड़ का कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू, रक्षा टीम प्रभारी अंजना केरकेट्टा, सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा, महिला आरक्षक इंदु लता एक्का, रोजमेरी खेस, चौकी जूटमिल स्टाफ महिला आरक्षक कौशल्या पटेल, अनिता बेक, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्या यादव और विनय तिवारी उपस्थित थे।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480